FORM No. III
फर्द अहकाम
(नियम 26)

APP-A
Crim-I

अज अदालत .... उपखण्ड अधिकारी .... मुकाम .... कोटा ....

.... कन्हैयालाल .... बनाम .... सरकार ....

किस्म मुकदमा .... 136 .... नं. .... 25 .... सन् 2026

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
2/1/26	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत काल्याखेड़ी में प्रार्थी भैरूलाल की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम काल्याखेड़ी पटवार हल्का काल्याखेड़ी में स्थित भूमि खाता संख्या 70 में प्रार्थी का नाम भैरूलाल पुत्र कान्हा दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में पिता का नाम कन्हैयालाल दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में पिता का नाम सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा भैरूलाल पुत्र कान्हा का राजस्व रिकॉर्ड में नाम भैरूलाल पुत्र कान्हा उर्फ कन्हैयालाल किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम काल्याखेड़ी की जमाबंदी खाता संख्या 70 में नाम भैरूलाल पुत्र कान्हा के स्थान पर भैरूलाल पुत्र कान्हा उर्फ कन्हैयालाल दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिनांक .... 2/1/26 .... को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	